आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 30.05.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- द्वीपसमूह में आज से दो दिवसीय नारियल महोत्सव शुरू।
- पूरे देश के साथं द्वीपसमूह में 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' नामक खरीफ–पूर्व अभियान का शुभारंभ।
- जिला बाल संरक्षण की ओर से बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया।
- खेलो इंडिया बीच गेम्स के पहले संस्करण में द्वीपसमूह के खिलाड़ी को मिला रजत पदक ।

<><><><><><><>

नारियल आधारित पर्यटन और आजीविका को बढ़ाने के उद्देश्य से आज से द्वीपसमूह मे दो दिवसीय नारियल महोत्सव शुरू होने जा रहा है। पर्यटन विभाग और सम्बद्ध विभागों द्वारा इस महोत्सव को ''अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की संस्कृति, भोजन और शिल्प का उत्सव'' थीम बनाया गया है। यह महोत्सव आज दोपहर दो बजे से इक्कतीस मई तक जारी रहेगा। नारियल के पारंपरिक और आधुनिक उपयोगों पर प्रदर्शनियों और स्वाद के माध्यम से पर्यटकों के लिए यह एक अनूठा अनुभव होगा। शासकीय विभागों द्वारा नारियल से संबंधित वस्तुओं के स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनमें नारियल संस्कृति, परंपराओं और आर्थिक महत्व समझने को मिलेगा। नारियल से बनी नमकीन और खाद्य पदार्थ बेचने वाले स्टॉल भी लगाए जाएंगे। इस महोत्सव के दौरान नारियल रंगोली, नारियल छीलना, नारियल पकवान कला जैसी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएगी। विजेताओं को नगद पुरस्कार दिया जाएगा।

यह उत्सव दोपहर दो बजे से रात आठ बजे तक श्री विजयपुरम स्थित आई टी एफ पवेलियन में आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

पूरे देश के साथ द्वीपसमूह के सभी क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तर पर 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' नामक खरीफ–पूर्व अभियान का कल शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कृषि रथ को औपचारिक रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह अभियान देश भर में किसानों को सशक्त बनाने और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान की शुरुआत है। दक्षिण अंडमान क्षेत्र में, विकसित कृषि संकल्प अभियान का उद्घाटन छोलदारी के सामुदायिक भवन में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद बिष्णु पद रे कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए वैज्ञानिकों को स्थानीय फलों पर शोध करने के निर्देश दिए। कृषि निदेशक डॉ. अपूर्व शर्मा ने किसानों को ज्ञान और संसाधनों से सशक्त बनाने में विकसित कृषि संकल्प अभियान के महत्व पर प्रकाश डाला। दक्षिण अंडमान के उप–मंडल मजिस्ट्रेट विनायक, चमड़िया ने अपने संबोधन में कहा कि यह एक व्यापक कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि करना है। क्यारी के निदेशक डॉ. ई.बी. चाकुरकर ने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि अभियान एक सामूहिक कार्य है। टुसनाबाद ग्राम पंचायत में कृषि सचिव ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में, उन्होंने किसानों को अभियान के दौरान प्रदान की गई जानकारी का लाभ उठाने को कहा। दक्षिण अंडमान जिले के अलावा अन्य जिलों में भी जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। कार्यक्रम में कृषि, पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवाएं, मत्स्य पालन विभागों के अधिकारियों, पंचायती

राज संस्थानों के प्रतिनिधियों, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों और बड़ी संख्या में स्थानीय किसानों ने भाग लिया। कृषि रथ ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर किसानों को जागरूक करेगा। इसका उद्देश्य फसल विविधीकरण, सरकारी योजनाओं, मृदा स्वास्थ्य, सिंचाई प्रबंधन और टिकाऊ खेती के तरीकों के बारे में अद्यतन जानकारी के साथ उन्हें सशक्त बनाना है। यह कार्यक्रम 12 जून, तक विभिन्न ब्लॉकों और गांवों में विभिन्न चरणों में जारी रहेगा।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन के अंतर्गत जिला बाल संरक्षण की ओर से कक्षा दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा ने इक्कीस मेधावी छात्रों को उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए प्रशंसा चिह्न देकर सम्मानित किया। गुलाम रसूल, वर्षा दास और आर. निवेदा को विशेष सम्मान दिया गया। जिला उपायुक्त ने सभी छात्रों को बधाई दी और उनकी कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प की सराहना की। उन्होंने ज्ञान के महत्व और एक उज्जवल भविष्य को आकार देने में शिक्षा की भूमिका पर जोर दिया।

<><><><><><><>

केन्द्रशासित प्रदेश दीव के दीव में खेलो इंडिया बीच गेम्स 2025 के पहले संस्करण में द्वीपसमूह के खिलाड़ी एम लोगार्जुन ने रजत पदक हासिल किया है। उन्होंने पेनकैक सिलाट में पचहत्तर किलोग्राम पुरुष भार वर्ग में रजत पदक जीतकर द्वीपसमूह का नाम रोशन किया। खेल निदेशक ने पूरे टूर्नामेंट में एम लोगार्जुन के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि इन द्वीपों के युवाओं को भी

मंत्रालय की पहल खेलो इंडिया योजना के तहत आयोजित किए जा रहे बीच गेम्स का लाभ उठाने के लिए अभ्यास करना चाहिए। पिनचैक सिलाट के अलावा, द्वीपसमूह के खिलाड़ियों ने बीच सॉकर और बीच वॉलीबॉल में भी भाग लिया।

<><><><><><>

केन्द्रशासित प्रदेश के दीव में खेलो इंडिया बीच गेम्स के पहले संस्करण में द्वीपसमूह के खिलाड़ी एम लोगार्जुन ने उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी से मुलाकात की। एम लोगार्जुन ने पिनचैक सिलाट में रजत पदक जीतकर यह उपलब्धि हासिल की है। इस अवसर पर उप–राज्यपाल ने लोगार्जुन को अपनी बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

<><><><><><>

खेल और युवा मामले विभाग, की ओर से कल आर्म रेसलिंग टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। मरीना पार्क, में यह टूर्नामेंट शाम तीन बजे से शुरू होगा। विभिन्न भार श्रेणियों में आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में द्वीपों के सभी आर्म रेसलर, खेल और फिटनेस से संबंधित लोग भाग ले सकते हैं। इसका उद्देश्य ताकत–आधारित खेलों को बढ़ावा देने और युवा एथलीटों को स्वस्थ, प्रतिस्पर्धी जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। इच्छुक प्रतिभागी अपना आवेदन पहले से भेज सकते हैं या मौके पर ही पंजीकरण करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए उदय शंकर दास से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला परिषद की ओर से केन्द्रशासित योजना के अंतर्गत मोटरचालित और मशीनीकृत मत्स्य नौकाओं की खरीद के लिए आवेदन आमंत्रित

किए गए हैं। इसके तहत मछुआरों, बेरोजगार युवाओं और स्थानीय उद्यमियों को पचास प्रतिशत की सब्सिडी, जबकि अनुसूचित जाति और जनजाति सहकारी समितियों के लिए पचहत्तर प्रतिशत की सब्सिडी दी जाएगी। विभाग द्वारा निर्धारित प्रपत्र में आवेदन जमा करना होगा। इच्छुक मछुआरे, बेरोजगार युवा और सहकारी समितियों के सदस्य मत्स्य विभाग के उप–केन्द्र, कैम्पबेल बे और हटबे, पंचायत समिति प्रातरापुर तथा फरारगंज के कार्यालय से आवेदन प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन तेईस जून तक मुख्य कार्यकारी अधिकारी या मत्स्य उप–केन्द्रों पर जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के दूरदर्शन केंद्र की ओर से आज "हर्निया और उसका उपचार" विषय पर लाइव फोन–इन कार्यक्रम 'डॉक्टर्स स्पीक' का प्रसारण किया जाएगा। जनरल और लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. निलेश पाटिल विशेषज्ञ के रूप में दर्शकों के प्रश्नों का उत्तर देंगे। कार्यक्रम आज शाम साढ़े पांच बजे प्रसारित होगा। दर्शक फोन नंबर दो चार चार सात चार पांच या दो चार पांच छः छः दो पर डायल कर अपने प्रश्न पूछ सकते हैं।

<><><><><><><>